हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 17 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

13 आकाशीय बिजली गिरने से किसान के 20 एकड़...



13 तेज गरज-चमक और आंधी के साथ झमाझम...





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### जंगलों में घट रहा भोजन, गांवों की ओर बढ़ रहे भालू

**डोंडी।** जंगल में भालुओं के लिए भोजन नहीं है। जंगल प्रकृति का अनमोल उपहार है। यहां अनेक प्रकार के जीव-जंतु रहते हैं। भालू भी जंगल में रहने वाला एक महत्वपूर्ण जंगली जानवर है। वह फल, शहद, जड़ें, कीड़े-मकोड़े और छोटे जीव खाकर अपना जीवन बिताता है। लेकिन आज जंगलों की कटाई और पर्यावरण प्रदूषण के कारण भालुओं के लिए भोजन की समस्या बढ़ती जा रही है। डौंडी ब्लॉक के सिंघोला, मंगलतराई मथेना के जंगलों में भालू बहुतायत है। आज कल ये भालू रात को भोजन की तलाश में गांव की ओर आ जाते है। जिससे गांवों में अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। लगातार पेड़ों की कटाई से जंगल नष्ट हो रहा है। इससे फलों के पेड़ कम हो गए हैं और मधुमक्खियों के छत्ते भी नष्ट हो रहे हैं। कई बार जंगलों में आग लगने से भी प्राकृतिक भोजन समाप्त हो रहा है इसी कारण भोजन की कमी के कारण भालू गांवों और शहरों की ओर आने लगें हैं। इससे मनुष्य और वन्यजीवों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। भालुओं और अन्य वन्यजीवों को सुरक्षित रखने हेतु, जंगलों की रक्षा करनी होगी। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और वन्यजीव संरक्षण के नियमों का पालन करना चाहिए। तभी जंगलों का संतुलन बना रहेगा और भालुओं को पर्याप्त भोजन मिल सकेगा। शासन को यहां भी जामवंत परियोजना जैसे कोई परियोजना पर विचार करना चाहिए।

### मोटर साइकिल की टक्कर से युवक घायल

**बालोद।** विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल ने दुसरे मोटर साइकिल चालक युवक को ठोकर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक की बहन ने टक्कर मारने वाले मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गोरकापार निवासी नंदनी निषाद ने पुलिस को बताया कि मेरा भाई पुकेश्वर निषाद अपने मोटर साइकिल सीजी 07 सीएल 1941 से ग्राम गोरकापार से ग्राम नाहंदा चौथिया कार्यक्रम में जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आर रहे मोटर साइकिल सीजी 24 डब्लू 2631 के चालक ने ग्राम डौकीडीह से ग्राम ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि की खबर का बड़ा असर : पीड़ित परिवारों में आक्रोश, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

# सीवरेज हादसे में बीएसपी प्रबंधन व ठेकेदार पर गैर इरादतन हत्या सहित कई धाराओं में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

15 मई के अंक में हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद आखिरकार प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई। दल्लीराजहरा शहर में सीवरेज पाइपलाइन की खुदाई के दौरान हुई दर्दनाक घटना, जिसमें तीन गरीब मजदूरों की मिट्टी में दबकर मौत हो गई थी, अब पूरे बालोद जिले का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है। लगातार उठते जनआक्रोश, पीड़ित परिवारों की मांग और मीडिया के दबाव के बाद राजहरा पुलिस ने बीएसपी प्रबंधन एवं ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

इस कार्रवाई के बाद पूरे बीएसपी प्रबंधन और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। लोगों का कहना है कि यदि शुरू से सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता तो तीन मजदूरों की जान नहीं जाती। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर मजदूरों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों पर और कितनी बड़ी कार्रवाई होगी। घटना में मृत मजदूरों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक पीड़ित परिवार के सदस्य ने कहा हमारे घर का कमाने वाला चला गया। गरीब मजदूरों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं समझी गई। बिना सुरक्षा गड्ढे में उतार दिया गया। अगर नियमों का पालन होता तो आज हमारे लोग जिंदा होते। एक अन्य परिजन ने कहा सिर्फ मुआवजा नहीं, दोषियों की गिरफ्तारी चाहिए। बड़े अधिकारियों को बचाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने उठाए गंभीर सवाल, भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने घटना को मानव जीवन के साथ अपराध बताते हुए कहा ▶▶| शेष पेज 13 पर

खबर का असर



### बिना सुरक्षा 12 फीट गहरे गड्ढे में उतारे गए मजदूर

पुलिस और स्थानीय प्रशासन के जानकारी के अनुसार 12 मई को फुटबॉल ग्राउंड के पास सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब 10 से 12 फीट गहरी खुदाई की जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम थे, न शोरिंग सिस्टम, न साइड सपोर्ट और न ही मजदूरों को हेलमेट एवं सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए थे। काम के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई और तीन मजदूर जिंदा दफन हो गए। घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद देर रात शवों को बाहर निकाला जा सका। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे दल्लीराजहरा को झकझोर कर रख दिया।



सीवरेज हादसे के 60 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं, दल्लीराजहरा में बढ़ा आक्रोश

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

बालोद जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा तीन मजदूरों की मौत अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। किसी भी निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन पूरे मामले की विस्तृत जांच करवा रहा है। दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, एजेंसियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**दिव्या मिश्रा**, जिला कलेक्टर

### दोषीयों को बख्शा नहीं जाएगा

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने स्पष्ट कहा मामले में किसी भी दोषीयों को बख्शा नहीं जाएगा। जांच निष्पक्ष होगी और यदि लापरवाही या जिम्मेदारी और लोगों की सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मजदूरों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।

**योगेश पटेल**
जिला पुलिस अधीक्षक

### बढ़ सकती है और धाराएं

नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा घटना केवल दुर्घटना नहीं बल्कि प्रथम दृष्टया गंभीर प्रशासनिक और तकनीकी लापरवाही का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं हुआ, इसकी जवाबदेही तय होगी। पुलिस की कार्रवाई, बढ़ सकती हैं और धाराएं।

**विकास कुमार**
नगर पुलिस अधीक्षक

### बीएसपी प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज

राजहरा थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने कहा प्रारंभिक जांच में गंभीर लापरवाही सामने आई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसपी प्रबंधन और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। जांच अभी जारी है, आवश्यकता पड़ने पर और भी धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

**अविनाश सिंह**
राजहरा थाना प्रभारी

## खरखरा जलाशय में डूबने से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले के खरखरा जलाशय में डूबने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके बाद गोताखोरो के माध्यम से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के डौंडी लोहारा थाना क्षेत्र स्थित खरखरा जलाशय में मछली पालन कार्य के दौरान एक मजदूर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अन्नपूर्णा पारा, जिला कांकेर निवासी बिहारी लाल सलाम 75 वर्ष के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार बिहारी लाल सलाम खरखरा जलाशय में बने गेज में मछलियों को दाना डालने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और शव की तलाश शुरू की। घटना को लेकर मछली पालन करने वाले ठेकेदार की लापरवाही की बात सामने आ रही है।

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग मजदूर को बिना सुरक्षा जैकेट के ही पानी में भेजा गया था। सूत्रें के मुताबिक मजदूर ने पानी में जाने से मना भी किया था, लेकिन इसके बावजूद उसे जबरन भेजे जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ पाएगी।

## सनकी भाई ने बहन की कैंची मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा



जिले के देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसुली में रिश्तों को झकझोर देने वाली सनसनीखेज घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद के चलते एक सनकी युवक ने पहले अपनी छोटी बहन के साथ मारपीट की। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना पहुंचकर की, लेकिन आपसी समझौते के बाद शिकायत वापस ले ली गई। इसके कुछ ही घंटों बाद आरोपी भाई ने धारदार कैंची से हमला कर बहन की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका तनिषा सोनकर (18 वर्ष) ग्राम परसुली की निवासी थी। बताया गया कि उसका मंझला भाई कुबेर उर्फ पुकेश सोनकर (20 वर्ष) आए दिन उससे विवाद और मारपीट करता था। 15 मई की सुबह भी आरोपी ने तनिषा के साथ मारपीट की, जिसके बाद वह अपनी मां लोमिन बाई सोनकर के साथ थाना देवरी पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। बाद में पारिवारिक मामला बताते हुए दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह हो गई तथा युवती ने लिखित आवेदन देकर शिकायत वापस ले ली। दोपहर करीब 3:30 बजे तनिषा अपने बड़े भाई पंकज के साथ कमरे में अलग-अलग खाट पर सो रही थी। इसी दौरान आरोपी कुबेर उर्फ पुकेश वहां पहुंचा और गुस्से में आकर धारदार कैंची से तनिषा के गले पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवती को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी ले जाया गया, जहां से बेहतर उपचार हेतु राजनांदगांव रेफर किया गया। उपचार के दौरान शाम 6:11 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रार्थिया लोमिन बाई सोनकर की शिकायत पर थाना देवरी में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 73/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभ में हत्या के प्रयास की धारा लगाई गई थी, बाद में युवती की मृत्यु होने पर हत्या की धारा जोड़ी गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी भी मिली है कि आरोपी नशे का आदी था व पैसे के लिए बहन से विवाद करता था। पूरे मामले की कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं एसडीओपी बोनिफास एक्का के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवरी उप निरीक्षक मनीष शेंडे के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक रामप्रसाद गजबिहे, आरक्षक दिलीप बर्मन, नितिन देवांगन, संतोष खुटेल एवं सुरेश प्रीतम की सराहनीय भूमिका रही।

विवाह समारोह में शामिल होने आया था युवक

## शादी की खुशियां मातम में बदली, अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा।



लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने लोगों की चिंता और आक्रोश दोनों बढ़ा दिए हैं। शनिवार सुबह एक और दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। ताजा घटना कारूटोला मोड़ के आगे मुर्गा बाजार के पास की है, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक का सिर बुरी तरह कुचल गया। घटना के बाद विवाह समारोह की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं।


प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ओम प्रकाश कोमरे उम्र 32 वर्ष निवासी काकड़कसा के रूप में हुई है। युवक विवाह समारोह में शामिल होने दूसरे गांव आया हुआ था। शुक्रवार रात से चल रहे विवाह कार्यक्रम में नाच-गाना और खुशियों का माहौल था। बताया जा रहा है कि देर रात तक कार्यक्रम में शामिल रहने के बाद शनिवार सुबह किसी कारणवश वह सड़क की ओर गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की खबर मिलते ही विवाह समारोह में चीख-पुकार मच गई। जहां कुछ देर पहले ढोल-नगाड़ों और गीत-संगीत की गूंज थी, वहां अचानक मातम और आंसुओं का सन्नाटा छा गया। मृतक के परिजन बदहवास हो उठे और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए।

लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा भी फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने कारूटोला मोड़ के पास सड़क पर चक्का जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर ट्रकों और अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण नहीं होने और सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने के कारण लगातार लोगों की जान जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके ▶▶| शेष पेज 13 पर

अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME
1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी





12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम
• स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम
• Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM) जिला - बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### महावीर कॉलोनी में बनेगी नाली, 72 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** वार्ड 38 महावीर कॉलोनी क्षेत्र में लंबे समय से जलभराव एवं निकासी की समस्या को लेकर नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। करीब 72 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। महापौर अल्का बाघमार ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद रामचंद्र सेन सहित कालोनीवासियों मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने बरसात के दिनों में होने वाली भारी जलभराव की समस्या से अवगत कराया था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए महापौर ने अधिकारियों को तत्काल नाली निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए थे। वार्ड 38 में कार्य किए जाएंगे।

### सड़क हादसे में बालक की मौत, दोस्त गंभीर

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक नाबालिग की मौके पर मौत होने का मामला सामने आया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि अहिवारा टाउनशिप वार्ड-11 निवासी मोहम्मद अरमान 10वीं की परीक्षा पास किया। अरमान अपने दोस्त शेख तैयब के साथ बाइक से अहिवारा के टाउनशिप से भिलाई की ओर जा रहा था। इसी दौरान जामुल थाना क्षेत्र के नवतरिया के पास बाइक हादसे का शिकार हो गई। मौके पर ही अरमान की मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जामुल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि हादसे के पीछे बोलेरो वाहन की टक्कर भी वजह हो सकती है। परिवार का आरोप है कि किसी बोलेरो चालक ने बाइक को टक्कर मारी, जिसके बाद यह हादसा हुआ।

# छावनी क्षेत्र में कैमिकल युक्त पानी और बिजली गुल से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और गर्मी के मौसम में गहराते जल संकट, कैमिकल युक्त पानी की सप्लाई व बिजली संबंधी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल जोन-4 खुर्सीपार निगम क्षेत्र के अधिकारियों को बुलाकर चर्चा की और पेयजल समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों पर भी संबंधित विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने सड़क, सफाई, मूलभूत सुविधाओं एवं जनसमस्याओं को लेकर भी विधायक को आवेदन सौंपे, जिनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी दौरान कुछ खिलाड़ी और खेल प्रेमी भी विधायक से मिले और राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चयन प्रक्रिया को लेकर गंभीर शिकायतें रखीं। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का पालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि एक निजी अकादमी के 8 लड़कियों और 3 लड़कों का चयन किया गया, जबकि संबंधित अकादमी छत्तीसगढ़ प्रदेश बास्केटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त इकाई नहीं है।

## भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी जनता की समस्याएं, अधिकारियों को निर्देश



### स्थानीय खिलाड़ियों की अनदेखी

खिलाड़ियों ने बताया कि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार किसी एक संस्था से अधिकतम 4 खिलाड़ी ही चयनित हो सकते हैं, इसके बावजूद एक ही अकादमी से अधिक खिलाड़ियों का चयन किया गया। साथ ही बाहरी खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने, योग्य स्थानीय खिलाड़ियों की अनदेखी करने, चयन प्रक्रिया में पर्याप्त अवसर नहीं देने तथा भाई-भतीजावाद एवं पैसों के प्रभाव के आरोप भी लगाए गए। खिलाड़ियों ने विधायक को बताया कि चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही सूची तैयार कर ली गई थी तथा उनके पास इन सभी मामलों से जुड़े पुख्ता तथ्य मौजूद हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने खिलाड़ियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा खेल प्रतिभाओं के साथ न्याय सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

## ट्विनसिटी का तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे आया

# सुबह दो घंटे में 3.6 मिमी बारिश, उसके बाद तेज धूप व उमस ने किया परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मौसम विभाग के मुताबिक बारिश होने की वजह से दुर्ग संभाग का तापमान काफी नीचे गिरा है। अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। तापमान के इस बदलाव की वजह से लू के हालात नहीं रहे। तापमान पिछले एक सप्ताह से 41 व 42 डिग्री सेल्सियस से पार चल रहा था। रोजाना काले बादल आ रहे थे। अंधड़ की स्थिति ट्विनसिटी में तीन दिन तक रही। हल्की बूंदाबांदी भी हुई। पारा इतना अधिक पहुंचने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही थी।

### इस बार मानसून के जल्दी आने की संभावना

**भिलाई।** शुक्रवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह करीब 8 बजे आसमान पर काले बादल आए और बारिश शुरू हो गई। करीब 10 बजे तक बारिश चलती रही। बारिश इतनी तेज थी कि पूरे शहर में जगह-जगह पानी जमा हो गया। लोगों को ऐसा लगने लगा कि अब मानसून अभी से शुरू हो जाएगा लेकिन ऐसा नहीं है। मौसम विभाग के हिसाब से दक्षिण पश्चिम मानसून 26 मई को केरल तट पर पहुंचने की संभावना बन रही है। इस बारिश से सुबह तो लोगों को पिछले 10 दिनों से झेल रहे प्रचंड गर्मी से राहत जरूर मिली लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद स्थिति जस की तस हो गई। तेज धूप खिली और उमसभरा वातावरण निर्मित हो गया। इसकी वजह से लोगों को उसमभरी गर्मी का सामना करना पड़ा।





### प्री मानसून सीजन

इन दिनों प्री मानसून सीजन चल रहा है। इस सीजन में अंधड़, व्रजपात , ओले गिरना और बारिश अचानक ही होता है। पिछले साल की तरह इस साल भी मौसम का यही ट्रेंड चल रहा है। पिछले साल वर्ष 2025 के अप्रैल महीना सबसे ज्यादा गर्म रहा। मई की शुरूआत हफ्ते के बाद यह घट गया। इस साल भी यही स्थिति है। तापमान पहले 40 से 42 डिग्री सेल्सियस चल रहा था वह घट गया है। 26 मई को दक्षिण पश्चिम मानसून 26 मई को केरल तट पर पहुंचने की संभावना बन रही है।

एचपी, चंद्रा, मौसम विज्ञानी

### इस सिस्टम की वजह से बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 60 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी मध्य प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पश्चिम मध्य प्रदेश से उत्तर बांग्लादेश तक पूर्वी मध्य प्रदेश, दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तर गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से बारिश के हालात बने।

### आज भी हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग सहित प्रदेश में 16 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 17 मई से अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

# पुलिस ने 15 हजार लीटर शराब की नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले के अलग-अलग थानों और पुलिस चौकियों में कई सालों से जब्त शराब रखी हुई थी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 15 हजार लीटर से अधिक शराब को नस्तीकरण किया गया। यह कार्रवाई शुक्रवार को किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक थानों में पड़े आबकारी एक्ट और दूसरे मामलों में जब्त शराब लंबे समय से मलखाने में जमा थी। इनमें कई मामले ऐसे थे जिनका फैसला न्यायालय से हो चुका था, लेकिन शराब अब तक थानों में ही रखी हुई थी। करीब 10 साल से जमा शराब के कारण थाना परिसरों में काफी जगह घिर गई थी। दुर्ग पुलिस ने इस समस्या को देखते हुए विशेष कमेटी बनाई। सभी थानों में रखी जब्त शराब का रिकॉर्ड तैयार किया। इसके बाद न्यायालय से अनुमति लेकर नष्टीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। कुल 480 मामलों में जब्त करीब 15119.976 बल्क लीटर शराब को नियमों के तहत नष्ट किया गया। अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपए बताई गई है।

**लोगों को भी असहज लगता**

कई जगहों पर मलखाने में इतनी शराब जमा हो गई थी कि सामान रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची थी। शराब नष्ट होने के बाद अब थानों में अतिरिक्त जगह उपलब्ध होगी। इस जगह का इस्तेमाल बैठने और दूसरे जरूरी कामों के लिए किया जा सकेगा। थानों में लंबे समय से रखी शराब से तेज बदबू फैल रही थी। इससे थाने में काम करने वाले पुलिस कर्मियों को परेशानी हो रही थी। वहीं शिकायत लेकर आने वाले लोगों को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ता था।

### एसपी -3 में 100 मिलियन टन उत्पादन का कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) ने स्थापना काल से अब तक 100 मिलियन टन ग्रॉस सिंटर उत्पादन का कीर्तिमान पर एसपी-3 कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, मनोज कुमार, सजीव वर्गीज, राहुल श्रीवास्तव व राहुल बिजुरकर आदि उपस्थित थे। एसपी-3 ने वर्ष 2001 में सिंटर मशीन-1 के कमीशनिंग के साथ अपनी उत्पादन यात्रा प्रारंभ की थी तथा 8 नवंबर 2014 को सिंटर मशीन-2 के प्रारंभ होने के साथ अपनी उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ किया।

# वाहन चेकिंग के दौरान आरक्षक को कार से कुचलने की कोशिश, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन चेकिंग के दौरान कुम्हारी के पास कार सवार दो युवक को पुलिस ने पकड़ा है। वाहन से कई संदिग्ध किस्म के सामान भी बरामद हुआ है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा टोल प्लाजा के पास चेकिंग चल रहा था। इस दौरान एमएच 2 एवाई 3475 रायपुर से भिलाई की ओर तेज रफ्तार से आ रही थी। जिसे रोकने के लिए आरक्षक रमेश चंद्राकर चालको को रोकने लिए इशारा किया। उनकी कार में ब्लैक फिल्म लगा हुआ था। लेकिन कार चालक तेज रफ्तार में रमेश पर वाहन चढाने का प्रयास किया। घटना में आरक्षक को उसके दाहिने हाथ की उंगली में चोट आई। आरोप है कि चालक ने आरक्षक के सिर के ऊपर से भी वाहन चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन समय रहते पीछे हटने से उसकी जान बच गई। लेकिन कार को पीछा कर सिरसा गेट से पकड़ा गया कार को चेक करने पर पुलिस को सेक्स पार की गोलियां, गांजा,सिगरेट बरामद हुईं। दोनों आरोपी नागपुर निवासी युवकों का




नाम निवासी न्यू नेहरू नगर, नागपुर निवासी रमजान, बड़ा ताजबाग, सक्करदारा, नागपुर जाकिर मोहम्मद है। पुलिस ने हत्या के प्रयास, सरकारी काम में बाधा,मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:40 बजे की है। बताया गया है कि कार चालक को पकड़ने के लिए पुलिस को 14 किमीटर तक दौड़ लगानी पड़ी थी। कार में रामजान,जाकिर मोहम्मद, एक किशोरी व युवती साथ में थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। वहीं कार में मौजूद युवतियों के परिजनों को सूचना देकर बयान लिया गया।

## निगम का खजाना हुआ मजबूत, चार दिन में बिके 58 व्यवसायिक प्लॉट


**भिलाई-चरोदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा ने अपने सबसे बड़े प्रोजेक्ट ट्रांसपोर्ट नगर के 58 व्यवसायिक भू-खण्डों की नीलामी सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। लगातार चार दिनों तक चली इस नीलामी प्रक्रिया से निगम को लगभग 15 करोड़ रुपए की आय होने की उम्मीद है। निगम प्रशासन इसे आर्थिक रूप से बड़ी उपलब्धि मान रहा है। स्वायत्तशासी संस्था होने के कारण निगम को अपने खर्चों की व्यवस्था स्वयं करनी होती है। कर्मचारियों के वेतन, जनप्रतिनिधियों के मानदेय, वाहनों के ईंधन, रखरखाव और अन्य प्रशासनिक खर्चों के लिए निगम को लगातार आय के नए साधन तलाशने पड़ते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महापौर निर्मल कोसरे और आयुक्त डीएस राजपूत द्वारा निगम की विक्रय योग्य संपत्तियों को नीलाम करने के निर्देश संपदा विभाग को दिए गए थे। इसके पहले भी निगम प्रशासन द्वारा वसुंधरा नगर स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों और विश्वबैंक कॉलोनी के रिक्त आवासीय भू-खण्डों की नीलामी की जा चुकी है। निगम का उद्देश्य आर्थिक बोझ कम करना और आय के स्थायी स्रोत तैयार करना बताया गया है। ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवसायिक भू-खण्डों की नीलामी प्रक्रिया 11 मई से शुरू हुई थी। 14 मई की शाम तक लगभग 9 करोड़ रुपए के भू-खण्डों की बिक्री हो चुकी थी। वहीं अंतिम दिन तक चली नीलामी प्रक्रिया में सभी 58 भू-खण्डों की बिक्री पूरी कर ली गई। निगम प्रशासन के अनुसार सफल बोलीदाताओं को एक कार्य दिवस के भीतर भू-खण्ड की कुल राशि का 35 प्रतिशत निगम कोष में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय में राशि जमा नहीं करने पर संबंधित बोली निरस्त कर दी जाएगी।

# चोरी की बिजली जला रही थी भिलाई निगम की एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा टैक्स वसूली के लिए तय की गई एजेंसी श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड पर चोरी की बिजली जलाने को लेकर कार्रवाई की गई है। इस एजेंसी को निगम के द्वारा मदर्स मार्केट पावर हाउस में एक दुकान ऑफिस संचालन करने के लिए दी गई थी। एजेंसी ने यहां ऑफिस तो खोला, लेकिन बिजली का कनेक्शन नहीं लिया और हुकिंग करके चोरी की बिजली से एसी, पंखे और लाइट जलाते रही। बिजली विभाग की उड़न दस्ता टीम ने यहां छापा मारा और उनके ऊपर कार्रवाई की है।

सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों को शिकायत मिली थी कि मदर्स मार्केट में एक ऑफिस संचालित है, वहीं हुकिंग करके बिजली का कनेक्शन लिया गया है। सहायक अभियंता और उनके साथ दो बिजली विभाग के कर्मचारियों ने गुरुवार को वहां छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्होंने पाया कि ऑफिस में डेढ़ टन का एसी, 20 वाट की पांच लाइट, 250 वाट के दो कूलर सहित लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण संचालित है। यहां हर दिन 2570 वाट क्षमता के बिजली उपकरण का उपयोग किया जाता है, लेकिन इनके द्वारा कोई भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिया गया। चेक करने पर पाया गया की ऑफिस में बिजली सप्लाई के लिए चोरी से हुकिंग की गई है। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई करके अधिकारियों ने कंपनी के ऊपर जुर्माने की कार्रवाई की है।



### लोगों को सही टैक्स देने की सीख देने वाली एजेंसी निकली बिजली चोर

जिस एजेंसी पर शहर की जनता से टैक्स वसूली करके निगम के खजाने में भरने की जिम्मेदारी दी गई है। जो एजेंसी लोगों को सीख दे रही है कि वो समय पर अपना टैक्स पटाएं, वहीं एजेंसी बिजली चोरी करते पकड़ी गई। इसको लेकर निगम में दिन भर चर्चा का विषय रहा है। विपक्ष के पार्षदों का यहां तक कहना था कि वो आयुक्त राजीव पाण्डेय से कहेंगे को वो इस एजेंसी तत्काल निगम की जिम्मेदारी से हटाएं।

### महापौर की चहेती एजेंसी कर रही बिजली चोरी

नेता प्रतिपक्ष भेजराज भोजू का कहना है कि निगम में टैक्स वसूली का काम करने वाली एजेंसी भिलाई महापौर की चहेती एजेंसी है। उन्होंने इस एजेंसी को 2021 में बिना सूडा की अनुमति के केवल महापौर परिषद से प्रस्ताव पास करके काम दे दिया था। महापौर ने ही मदर्स मार्केट में एजेंसी को ऑफिस के लिए जगह दी थी, जहां उनके द्वारा हुकिंग करके बिजली चोरी करके निगम को लाखों रुपए की चपत लगाई जा रही है। इस पर बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## दुर्ग ग्रामीण विधायक ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दिए चार लाख

# संभाग आयुक्त और आईजी भी रिसाली सुशासन शिविर में, मिले 744 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में 14 वार्डों के लिए नगर पालिक निगम रिसाली के सुशासन शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिला कोष के तहत 4 लाख रूपए का चेक वितरण किया। इस राशि से जागृति स्व सहायता समूह और विजयता धीवर लघु उद्योग स्थापित करेंगी। शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर और दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक सांडिल विशेष रूप से उपस्थित थे।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम द्वारा लगाए शिविर में कहा कि डबल इंजन सरकार हर बार आपके द्वार आती है और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करती है। वार्डों और घरों तक पहुंचने का शिविर एक माध्यम है। शिविर के माध्यम से न केवल जनप्रतिनिधि बल्कि उच्च अधिकारी आप लोगों के समक्ष उपस्थित रहकर आपके द्वारा बताए शिकायतों का निराकरण निर्धारित समयावधि में पूरा करते है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सुशासन शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर एवं दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक सांडिल शिविर में मौजूद है। उनकी ही निगरानी पर यह शिविर संपादित हो रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत विजयता धीवर को सिलाई कार्य और दस सद्स्य वाली जागृती स्व सहायता समूह को आचार पापड़ उद्योग लगाने दो-दो लाख रूपए का चेक वितरण किया। शिविर में नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने अतिथियों का स्वागत की।

वहीं मंच पर निगम के सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी रंजीता बेनुआ, सनीर साहू, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, रेखा देवी, ममता सिन्हा, सोनिया देवांगन, धर्मेन्द्र भगत, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।



### विधायक ने दिलाया संकल्प

सुशासन शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मौत एवं घायलों की बढ़ती संख्या को कम करने के लिए आम नागरिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने नशे की हालत में और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने समेत हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चलाने का आवहान किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक और संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने क्षेत्र के 23 लोगों को वाहन चलाने लर्निंग लाइसेंस सौंपा।

### 14 वार्डों के आवेदनों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| कुल आवेदन संख्या | 744 |
| कुल मांग | 715 |
| कुल शिकायत | 29 |
| कुल निराकृत | 43 |

### 49 लोगों को आयुष्मान कार्ड

दुर्ग ग्रामीण विधायक और संभाग आयुक्त समेत दुर्ग रेंज के आईजी ने शिविर में बनाए गए 70 वर्ष आयु वाले 22 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड सौंपा। वहीं 22 बीपीएल परिवार के सद्स्यों के लिए और 5 सामान्य परिवार के सद्स्यों के लिए बनाए आयुष्मान कार्ड को शिविर स्थल में प्रदान किया। स्टेशन मरोदा के शिविर में कुल छुटे हुए 49 सद्स्यों का स्मार्ट कार्ड बनाया गया।

## श्री नारायण गुरु विद्या भवन के छात्रों ने शानदार सफलता अर्जित की



**भिलाई।** श्री नारायण गुरु विद्या भवन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4 भिलाई ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के कुल 75 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और उत्कृष्ट सफलता अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के अतिरिक्त 12 छात्रों ने 80% से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रमाणित किया है। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर वाणिज्य संकाय से एस शशांक ने 92.4%, द्वितीय स्थान पर वाणिज्य संकाय से ही आयुषी गिरी ने 91% अंक तथा तृतीय विज्ञान संकाय से अंशिका शर्मा ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वाणिज्य संकाय में प्रथम एस शशांक 92.4%, द्वितीय आयुषी गिरी 91%, तृतीय नीतीश कुमार 89%, वहीं विज्ञान संकाय में प्रथम अंशिका शर्मा 90%, द्वितीय जसमीन कौर ढिल्लन 86%, तृतीय साक्षी खेलवार 83.8%, गणित संकाय में प्रथम चंद्रकांत साहू 84.2%, द्वितीय शिवेन राय 81.8% एवं कुणाल साहू 80.4% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान के 20 एकड़ के पैरावट में लगी आग

**टेमरी गांव में हुआ हादसा, 80 हजार रुपए नुकसान का अनुमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम टेमरी में किसान युवराज विक्रम साहू के 20 एकड़ के पैरावट में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिर गई। जिसमे जेसीबी की मदद ली गई तथा 4 घंटे तक तालाब से पानी चलाकर आग पर काबू पाया गया। किंतु किसान को अनुमानित 80 हजार रुपए के नुकसान हो गया। स्थल पर जामगांव आर पुलिस पहुंची, रिपोर्ट दर्ज कर लिया। शनिवार को जामगांव आर उपतहसील के अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी इस प्राकृतिक आपदा का स्थल निरीक्षण करने टेमरी पहुंची। किसान युवराज विक्रम साहू ने शासन प्रशासन से मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग किया है। किसान ने बताया कि पानी और आग के कारण पैरा की गुणवत्ता नष्ट हो गई जो मवेशी के खाने योग्य नहीं है। घर में उपलब्ध जानवरों के लिए चारा पैरा अन्यत्र से खरीदना पड़ेगा। प्राकृतिक आपदा से पैरा की हुई हजारों रुपयों की क्षति का मुआवजा नहीं मिलने की जानकारी मिलने से किसान युवराज विक्रम साहू उदास हुआ। किसान ने कहा कि यह कैसा प्रावधान जो किसान को हुई क्षति को देखने समझने के बाद भी क्षति पूर्ति देने में असमर्थता जाहिर कर रहे है। किसान ने कहा कि शासन प्रशासन क्षति पूर्ति दिलाने में मदद करे। गर्जना के दौरान खेत खलिहान बाड़ी तरफ काम को स्थगित रखना चाहिए। ऐतिहात बरते सुरक्षित जीवन यापन करे। विदित हो कि आकाशीय बिजली से भवनों को सुरक्षित करने के लिए तड़ित चालक लगवाई जाती है।



### मुआवजा मिलने का प्रावधान नहीं

*स्थल निरीक्षण करने के बाद अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी ने बताया कि पैरा का मुआवजा मिलने का प्रावधान नहीं है। क्षति की मुआवजा राशि किसान युवराज विक्रम साहू ने मांग किया है। पाटन एसडीएम लवकेश ने किसान को हुई आर्थिक क्षति को ध्यान रखते हुए कहा कि इस संबंध में एक प्रतिवेदन बनाकर उच्च स्तर पर उपतहसील जामगांव आर द्वारा प्रेषित किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### आज से रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट

**बालोद।** ग्राम लाटाबोड़ में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियो के सहयोग से रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 17 मई से हाई स्कूल मैदान में रखा गया है।
प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11,111 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7,777 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5,555 रूपये, पंचम पुरस्कार 3,333 रूपये व विनर कप का पुरस्कार रखा गया है। जिसका उद्घाटन रात्रि 7 बजे जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू के मुख्य आतिथ्य मे होगा व जनपद पंचायत सदस्य भगवती उईके के अध्यक्षता में संपन्न होगा। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच लाटाबोड़ तेजप्रकाश मंडावी, उपसरपंच फलेश्वरी साहू, महेन्द्र साहू, जीवन लाल साहू, ईश्वर ठाकुर, राजुकुंदन सार्वा, हरिशचंद साहू, शोलेन्द्र साहू, सुनील साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, गंगा प्रसाद साहू, केयत ठाकुर, प्रकाश तिवारी, एवश्वर्य हिरवानी, मधुकांत यादव, डॉ खेम लाल साहू, श्रवण साहू, पुरानिक साहू, उमेश साहू, डीके ठाकुर, सोनू साहू, हरिश साहू, लोकनाथ गंगराले, मनोज साहू, लक्की धुंवे्र उपस्थित रहेगे। उक्त जानकारी न्यू स्टार क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष मनीश साहू ने दी।

### युवती को बाइक ने मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** काम कर शाम को सायकल के माध्यम से घर जा रही युवती को मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिससे युवती घायल हो गई तथा युवती ने मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम नरबदा निवासी खुशबू निशाद ने पुलिस को बताया कि गुरूर से काम करने के बाद सायकल से वापस घर जा रही थी, शाम ग्राम दियाबाती के पास पहूंची थी तभी सामने नरबदा तरफ से आ रही मोटर साइकिल सीजी 05 एसी 7454 का चालक ने मुझे सामने से ठोंकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से मै रोड पर गिर गयी जिससे मेरे दोनों पैर के घुटना, दोनों हाथ, सिर में चोटें आयी है तथा सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है।

### घरेलू विवाद में बाप-बेटे के बीच मारपीट

**बालोद।** घरेलू विवाद के कारण बाप बेटे में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम बटेरा निवासी महेन्द्र ने पुलिस को बताया कि मेरे पिताजी देवेन्द्र निषाद मुझे बिना बताये मेरे ससुराल बहुत अधिक शराब पीकर ग्राम परसघाट मेरी पत्नी को लाने चला गया था, शाम को घर आया तो मैंने पुछा कि मेरी पत्नी को बिना बताये क्यों लाने चले गये थे तो मेरे पिता मुझे बोले मेरी बहु है मैं लाने क्यों नहीं जाउंगा कहकर मुझे गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज करने से मना किया तो मेरे पिताजी घर में रखे देवता को घर से बाहर फेंक दुंगा कहते हुए मुझे हाथ से मारपीट किया है और जोर से मुझे धक्का दे दिया जिसके कारण मैं दीवाल से टकरा गया। दीवाल में लगे कील से मेरे दाहिने हाथ की कलाई में चोंट लगा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मौसम : शाम होते ही छाए काले बादल, शुरू हुई मूसलाधार बारिश

# तेज गरज-चमक और आंधी के साथ झमाझम बारिश, कई जगह गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक मौसम ने ऐसा करवट बदला कि भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत तो मिली, लेकिन तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। शाम लगभग 6 बजे आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। बारिश के साथ चल रही तेज हवाओं की रफ्तार इतनी अधिक थी कि सड़क किनारे लगे पेड़ झूमने लगे तथा लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। क्षेत्र के कई गांवों और आसपास के इलाकों में ओले गिरने की भी जानकारी सामने आई है। जेठ माह की भीषण गर्मी के बीच इस तरह का मौसम लोगों के लिए आश्चर्य का विषय बना रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार कई वर्षों बाद मई माह में इतनी तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिली है। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में सन्नाटा छा गया और लोग दुकानों व मकानों में शरण लेते दिखाई दिए। बारिश शुरू होते ही विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई, जिससे कई क्षेत्रों में अंधेरा छा गया। तेज हवा और लगातार बारिश के चलते वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि भीषण गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली, लेकिन किसानों के लिए यह बारिश चिंता का कारण भी बन सकती है। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में रुक-रुक कर तेज बारिश जारी थी तथा आसमान में लगातार बिजली चमकने और गरजने का सिलसिला बना हुआ था।



### तेज आंधी में उड़ा मकान का टीन शेड

**गुण्डरदेही।** गुरुवार को सुबह क्षेत्र मे रौद्र रूप से आई तेज आंधी तूफान बारिश से कई घरो मे लगे टीना शेड उड़ गया तो कई जगह पेड़ पौधे धराशाही हो गए, इसी आंधी तूफान मे कसौंदा के पुरन लाल साहू के घर मे लगे टीना शेड सौ मीटर दुर उड़कर दुसरे के कोठार मे जा गिरा, पीड़ित व्यक्ति ने स्थानीय तहसीलदार व पटवारी को मुआवजा के लिए आवेदन दिया है। पीड़ित पुरन लाल साहू ने बताया कि टीना शेड के साथ पुरा खभां व पाइप उखड़ गया है, जिसमे मुझे डेढ़ लाख का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने शासन प्रशासन से जल्द मुआवजा की मांग की है।

# कौशल्या मंदिर निर्माण को लेकर गुण्डरदेही में बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- जन-जन को जोड़ने शारदा वाटिका में जुटे जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता

बाल योगेश्वर संत श्री राम बालक दास महा त्यागी द्वारा कौशल्या मंदिर निर्माण कार्य से जन-जन को जोड़ने के उद्देश्य से प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक शारदा वाटिका गुण्डरदेही में लिया गया।

कौशल्या मंदिर निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए संत श्री ने बताया कि दुनिया भर में श्रद्धा से पूजे जाने वाले भगवान श्रीराम की माता की जन्म भूमि छत्तीसगढ़ है, इस कारण छत्तीसगढ़ का महत्व बढ़ जाता है। माता कौशल्या का अद्वितीय विशाल मंदिर पाटेश्वर धाम में जन सहयोग से बन रहा है, इस निर्माण में सभी जाति पंथ के गरीब अमीर व्यक्ति श्रद्धा से जुड़ रहे हैं। बैठक में माता कौशल्या का बाल रूप में राम को गोदी में विराजित किए हुए तस्वीर का कैलेंडर घर-घर पहुंचाने की योजना बनाई गई। जिसमें पूर्व विधायक डां दयाराम साहू, राजेंद्र राय, कौशल्या दूत, केशव राम साहू, देवेंद्र देवांगन, रिघु राम साहू, पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष रामलाल सिंगारे, श्री कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष दयाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष दिनेश टवारी, अर्जुन सिंह मंडावी, भारत साहू, छगन सोनकर, राकेश देवांगन, कवि प्यारेलाल देशमुख, सुखू राम टंडन, गुरु प्रसाद मानववादी उपस्थित थे।

# जिपं सदस्य ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण विकास कार्यों में गड़बड़ी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



- पिंगाल में सीसी रोड निर्माण में मिली खामियां
- डीएमएफ मद से चल रहे निर्माण कार्यों की जांच

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जिला खनिज न्यास मद से कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने कई निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता पाए जाने पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान आरईएस के एसडीओ एच.आर. साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण दल सबसे पहले ग्राम पंचायत पिंगाल पहुंचा, जहां दोनों पारा में निर्मित सीसी रोड का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई खामियां सामने आईं। इस पर जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एसडीओ को निर्देश दिया कि जब तक कार्य पूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण नहीं हो जाता, तब तक पूर्णता प्रमाण पत्र जारी न किया जाए। ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर असंतोष जताते हुए ठेकेदार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया।

इसके बाद निरीक्षण दल साल्हेटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत निर्मित यह भवन पिछले पांच वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। इस पर तकनीकी सहायक पीयूष तारम को एक माह के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत किल्लेकोड़ा के आश्रित ग्राम बघमार में पनखत्ती नाला पर बन रहे स्टॉप डेम का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। राजाराम तारम ने कहा कि डेम की ऊंचाई कम होने से इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पाएगा। उन्होंने बारिश से पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह किल्लेकोड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल एवं प्राथमिक शाला में चल रहे आहाता निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया, जहां कार्य गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठे। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और इंजीनियरों को पहले ही वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया था, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज कर मनमानी तरीके से कार्य कराया जा रहा है। राजाराम तारम ने कहा कि यह खनन प्रभावित क्षेत्र है और शासन से मिलने वाली राशि का सही उपयोग होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीओ आरईएस एचआर साहू, उपयंत्री भूपेंद्र भसगौरी, तकनीकी सहायक पीयूष तारम, सरपंच सगाबती यामले व हेमलता विश्वकर्मा, सचिव रावेंद्र मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# सशिमं मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- कक्षा 5वीं और 8वीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताश्रम हथौद करहीभदर मे 5वीं, 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्ताआश्रम हथौद करहीभदर का केन्द्रीकृ त परीक्षा कक्षा पांचवीं एवं आठवीं का प री क्षा परिणाम शत प्र ति श त रहा। जिसमें कक्षा आठवीं में जिला का टाप टेन सूची में चित्रणी साहू पिता मूलसिंह साहू 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में चतुर्थ स्थान एवं कक्षा में प्रथम स्थान, गगनदीप साहू पिता गजाधर सिंह साहू 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में दशम स्थान एवं कक्षा में द्वितीय स्थान, डाली धनकर पिता ताराचंद धनकर एवं गरिमा देवांगन पिता हेमनाथ देवांगन 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान, काजल साहू पिता रामस्वरूप साहू 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में चतुर्थ स्थान पर अपनी जगह बनाई। इस प्रकार कक्षा आठवीं में दर्ज सभी 46 भैया बहन प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

कक्षा पांचवीं में निकिता ठाकुर पिता संतराम ठाकुर 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में सप्तम स्थान एवं कक्षा में प्रथम स्थान, दिशीका साहू पिता महेंद्र कुमार साहू एवं रुद्र कुमार साहू पिता हितेंद्र साहू 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में नवम स्थान एवं कक्षा में द्वितीय स्थान, डिपाली पिता भागवत राम साहू 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में दशम स्थान एवं कक्षा में तृतीय स्थान, मानव धनकर पिता श्री रवि धनकर एवं वंशम सोनी पिता श्री विजय कुमार सोनी 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में चतुर्थ स्थान पर अपनी जगह बनाई। इस प्रकार कक्षा पंचम में दर्ज सभी 28 भैया बहन प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। भैया बहनों की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार साहू , संचालन समिति के अध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू, व्यवस्थापक ओमप्रकाश गजेंद्र, डॉ. केपी. साहू, राजकुमार गांधी, गैंदलाल खुरश्याम, तोषण लाल साहू, लीलाराम साहू समिति सदस्य सहित विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी ने हर्ष व्यक्त किया।

## पेज 11 के शेष

### सीवरेज हादसे में बीएसपी...


बीएसपी प्रबंधन और ठेकेदार की घोर लापरवाही ने तीन परिवारों को बर्बाद कर दिया। सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। दोषियों पर सिर्फ एफ आई आर नहीं बल्कि गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। गरीब मजदूरों की जान की कीमत आखिर कौन देगा? विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा का बड़ा बयान, विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने कहा यह साधारण दुर्घटना नहीं है। मजदूरों को बिना सुरक्षा व्यवस्था मौत के मुंह में भेजा गया। प्रशासन को पूरी जिम्मेदारी तय करनी होगी। पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, परिवार के सदस्य को नौकरी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है। हरिभूमि की खबर के बाद मामला जरूर दर्ज हुआ है, लेकिन अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि क्या कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगी या वास्तव में दोषियों पर कठोर कदम उठेंगे। दल्लीराजहरा की यह घटना अब केवल एक हादसा नहीं बल्कि मजदूर सुरक्षा, प्रशासनिक जिम्मेदारी और सिस्टम की संवेदनहीनता पर बड़ा सवाल बन चुकी है।

### शादी की खुशियां मातम...

पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। काफी समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम समाप्त कराया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने बताया कि कारूटोला मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और वाहन की पहचान के प्रयास जारी हैं। जल्द ही आरोपी वाहन चालक तक पहुंचने की बात कही गई है। मृतक के परिजनों का कहना है कि परिवार शादी की खुशियों में शामिल होने आया था, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि यह खुशी इतनी बड़ी त्रासदी में बदल जाएगी। परिजनों ने दोषी वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों उपेन्द्र साहू,, आकाश कुमार रामलाल, रोहित ने लगातार हो रहे हादसों पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि दल्लीराजहरा क्षेत्र में तेज रफ्तार भारी वाहनों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सड़क सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। लोगों ने प्रशासन से स्पीड कंट्रोल, पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि लगातार हो रही मौतों पर रोक लग सके।

### मोटर सायकिल की...

खप्परवाडा जाने वाले मोड के पास सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे भाई पुकेश्वर निषाद को सिर, पैर व शरीर में गंभीर चोंट आई है, कोमा में है जिसे ईलाज कराने भिलाई में भर्ती किये है। जहां ईलाज चल रहा है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## विद्यालय कनेरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनेरी का परीक्षा परिणाम दसवीं 71.33 प्रतिशत एवं 12वीं 83.35 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में विद्या साहू 92.50 प्रतिशत लेकर प्रथम एवं भूमिका साहू 90.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय, नेम प्रभा 89.66 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 12वीं में तुलसी साहू ने 88.6 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं लोमस कुमार 80 प्रतिशत के साथ द्वितीय, डेमन लाल 78 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहा। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जनार्दन सिंन्हा, सरपंच दिनेश्वरी सिंन्हा, एचएल यादव एवं शाला परिवार से प्राचार्य एसएल साहू, व्याख्याता जीएल श्याम, आरडी साहू, के गंगबेर, एमके सिन्हा, पीडी मानिकपुरी, भूमिका प्रसाद झा, पी साहू, मीनाक्षी पटेल, पी प्रकाश, क्षमता वैद्य, एचआर सिन्हा, बीएल यादव, डीपी कुम्भकार, टीके साहू, कार्यालय स्टाफ एसके झा, कीएल उवशा, पूर्णिमा सार्वा, कुलेश्वर पटेल, डेविड गुरु पारख सहित समस्त शिक्षकों ने हर्श व्यक्त किया।

## घर बनाने को लेकर भाइयों में विवाद, पत्थर मारकर किया घायल

**बालोद।** घर को लेकर दो भाईयो के बीच में गाली गलौज व मारपीट हो गया। जिसके बाद पीड़ित भाई ने अपने भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पैरी वार्ड नं. 18 निवासी माखन निषाद ने पुलिस को बताया कि शिव मंदिर के पास ग्राम पैरी मे मै और कोमल निषाद बैठ कर बात कर रहे थे, तभी मेरा मंझला भाई पवन निषाद आया और बोला कि तुम लोग अपना घर बना लिए हो मेरा घर नही बना रहे हो, कहने पर मै बोला कि धीरे से तुम्हारा भी घर बना देंगे, इस पर मेरा मंझला भाई आक्रोशित होकर मुझे गाली गलौज कर वही पर पडें पत्थर का तुकड़ा को उठाकर मेरे सिर पर वार कर दिया, जिससे मेरे सिर पर चोट लगकर खून निकल रहा है दर्द हो रहा है।

## युवक से मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर युवक ने व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 119(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शराब भठ्ठी गुण्डरदेही में कार्यरत वार्ड नं0 19 बुढा पारा बालोद निवासी महेश्वर राम आसनी ने पुलिस को बताया कि शराब भट्ठी में काम कर रहा था, उसी समय गुण्डरदेही के कोमेश्वर उर्फ कोमू निषाद आये और मुझे शराब पीने के लिये 200 रूपये दो कहकर मांगने लगा, मैने मना किया तो मुझे डराया धमकाया एवं गाली गलौच करते हुये मेरे साथ हाथापाई मारपीट करते हुये जबरदस्ती मेरे जेब में रखे 130 रूपये को छिना झपटी कर निकाल लिये, मारपीट करने से मेरे छाती, पेट में अंदरूनी चोंट लगा है दर्द हो रहा है।

# ग्राम मर्रा में सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर का आयोजन

**शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विष्णु देव सरकार द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निदान हेतु मर्रा में सुशासन तिहार एवं समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाना है। नायक ने कहा कि इस प्रकार के समाधान शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों का निराकरण एक ही स्थान पर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से शासकीय कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया है। विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी कार्य भी किए गए, जिनमें पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण, युवतियों को सेनेटरी पैड वितरण, जरूरतमंद परिवारों को मच्छरदानी वितरण, बच्चों एवं महिलाओं को सुपोषण आहार वितरण तथा हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया। शासन के सुशासन तिहार शिविर से ग्रामीण जन उत्साहित नजर आए।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं एवं उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे

### सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली की कामना की

# अखंड सौभाग्य व सुख-समृद्धि की कामना के साथ श्रद्धा से मनाया वट सावित्री पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि पर शनिवार को वट सावित्री व्रत एवं शनि जयंती श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। नगर की सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य तथा परिवार की सुख-समृद्धि के लिए विधि-विधानपूर्वक वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर व्रत रखा। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

बीएसपी सेंट्रल टाउनशिप दल्लीराजहरा के स्ट्रीट नंबर 10, वार्ड नंबर 22 स्थित कला मंच के समीप मौजूद वट वृक्ष परिसर में सुबह से ही श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार वट वृक्ष का पूजन कर मौसमी फल, फूल, मिष्ठान, सुहाग एवं श्रृंगार सामग्री अर्पित की। इसके पश्चात सती सावित्री एवं सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण किया गया।

पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उल्लास और पारंपरिक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। महिलाओं, बच्चों एवं परिवारजनों की सहभागिता ने आयोजन को और अधिक गरिमामय बना दिया। इस अवसर पर ममता शर्मा, सीमा राजोरिया, शशि सिंह राजपूत, मीनी राजपूत, लता कुलदीप, गुड़िया गुप्ता, लीना देवांगन, प्रमिला नायक, शांति साहू, प्रियंका नायक, सुनोतीन, निशा, मुस्कान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं परिवारजन उपस्थित रहे।



### 108 परिक्रमा कर मांगी अखंड सौभाग्य की कामना

पूजा-अर्चना के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष में कच्चा धागा लपेटते हुए 12 फेरे लगाए तथा पुनः श्रद्धा भाव से 108 परिक्रमा कर पति की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। व्रत के महत्व पर जानकारी देते हुए ममता शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखता है। सुहागिन महिलाएं यह व्रत अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए रखती हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि परिवार के प्रति समर्पण, प्रेम और विश्वास का भी प्रतीक है। इस वर्ष वट सावित्री व्रत के साथ शनि जयंती का विशेष संयोग बनने से महिलाओं ने समीप स्थित पीपल वृक्ष की भी श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने पीपल वृक्ष की सात परिक्रमा कर परिवार में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और सकारात्मकता बनी रहने की मंगलकामना की।

### श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया वट सावित्री पर्व

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा स्थित आबादी पारा और अंडा क्षेत्र से लगे अछोटी, कुथरेल, ओटेबंद, सिरसिदा, विनायकपुर, आलबरस, निकुम, भोथली, ओडारसकरी, खप्परवाडा, डगनिया, गुरेदा, जंजगिरी, चंदखुरी, अंजोरा सहित अन्य जगह भी शुक्रवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए दिनभर उपवास रखा तथा विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर पूजा स्थल पर पहुंचीं। महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा और सावित्री-सत्यवान की कथा श्रवण की। पूजा के दौरान महिलाओं ने भगवान से अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली की



प्रार्थना की। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग की सामग्री जैसे चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, नारियल और फल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। आबादी पारा में पूरे दिन धार्मिक और भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे हर वर्ष बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। व्रत और पूजा के माध्यम से महिलाएं अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करती हैं। पूरे आयोजन के दौरान सामाजिक एकता और पारंपरिक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता से आबादी पारा का वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा नजर आया।

## शनिदेव जयंती धूमधाम से मनाई



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में शाम 4 बजे से सभी भक्तों ने इकट्ठा होकर महावीर उद्यान में पहुंच कर यहां पर विराजे शनिदेव महाराज गदाधारी हनुमान एवं भुतभावन भोले नाथ की पुजा अर्चना पुष्प हार फुल चढ़ हाकर किया गया। एवं सभी ग्राम वासियों की मंगल कामना की प्रार्थना किया गया। आगे दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि महावीर उद्यान एवं बाबा दरबार के पास खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शामिल रहे दरबार के लक्ष्मण बाबा नंद पंडा विनोद कुमार साहू राजू यादव मनसुखा साहू ,मनोज पटेल, गुलाब साहू, योगेश साहू, भोलू खिलेशवर साहू, सुंदर सपरे, चन्द्र कांत देवांगन, एमलाल देवांगन, कल्याण देवांगन, ललित साहू, रोशन साहू, डॉ धनेशवर साहू ,मारियल साहू, बब्लू साहू, गज्जू रायपुरीहा, जीवराखन, बाबू लाल साहू ,तोमन गजपाल, उमेश साहू वासुदेव,पूर्वउपसरपंच कुंभकरण पटेल, मुन्ना गंधर्व, सुनील पेटर दिनेश साहू दिनेश यादव आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे( यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# ग्राम कनेरी में 18 मई से पुरुषोत्तम मास महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन में होंगे रामायण पाठ, संत समागम और भव्य श्रीराम बारात

ग्राम कनेरी में पुरुषोत्तम मास महोत्सव 18 मई से 26 मई नौ दिवसीय रखा गया है। आयोजनकर्ता संकट मोचन हनुमान जी वैष्णव परिवार मंदिर द्वारा मंदिर प्रांगण कार्यक्रम में रुद्राभिषेक एवं श्री शालिग्राम जी तुलसी अर्जन प्रतिदिन 9 बजे से 11.30 बजे तक किया जाएगा।

कार्यक्रम में श्रीमद् वाल्मीकि रामायण मूल पाठ, श्रीमद् भागवत मूल पाठ, श्री विष्णु साहस नाम 108 पाठ, श्री राम रक्षा स्तोत्र 1108 पाठ किया जाएगा। प्रतिदिन श्री राम चरित्र मानस नवाह पारायण संगीतमय सामूहिक पाठ 7 से 9 बजे तक हनुमान चरित्र कथा सत्संग प्रतिदिन 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्री भक्तमाल मूल पाठ संगीतमय सामूहिक पाठ शायं 5 बजे से 6 बजे तक कार्यक्रम में संत समागम प्रतिदिन शायं काल 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाएगा।

मास महा महोत्सव में 24 तई को मटकोर विधान कमला पूजन हल्दी चढ़ावन, 25 मई भव्य श्री राम बारात शोभा यात्र दोपहर 3 बजे से सीताराम विवाह महोत्सव रात्रि 7 बजे से होगा । 26 मई को दोपहर 2 बजे रामजी कलेवा छप्पन भोग, 26 म्ई को शायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक विशाल संत सम्मेलन।

संत समागम मास महा महोत्सव में नौ दिवसीय श्री सीताराम नाम अखंड संकीर्तन एवं नौ दिवसीय भंडारा प्रसाद दोपहर 12 बजे से सायंकाल 4.30 तक रहेगा।

आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि संत समागम में विभिन्न धार्मिक क्षेत्रें से संत महापुरुषों का आगमन होगा।

## बाइक-कार में टक्कर, चार घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल से शादी कार्यक्रम में जा रहे लोगो को कार ने ठोकर मार दी। जिससे मोटर साइकिल सवार सभी घायल हो गए। जिसके बाद मोटर साइकिल सवार ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसदा (डं) निवासी केशव यादव ने पुलिस को बताया कि मैं तथा मेरा बडा भाई महेन्द्र यादव एवं मां शकुन यादव एवं भतीजा रूद्र यादव के साथ अपने वाहन मोटर साइकिल् सीजी 07 सीएच 1095 में घर परसदा से ग्राम भांठागांव बी अपने दीदी के घर शादी कार्यक्रम में जा रहे थे, दोपहर को ग्राम सिकोसा हनुमान मंदिर के पास मुख्य मार्ग में पहुंचे थे उसी समय कार सीजी 07 डीडी 1986 के चालक ने सामने बालोद रोड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट करने से मोटर साइकिल काफी क्षतिग्रस्त हो गया है, मेरे दाहिने पैर जंघा एवं बडा भाई महेन्द्र यादव के दाहिने पैर के जंघा, दाहिने हाथ की कोहनी के पास एवं मेरी मां शकुन यादव की दाहिने हाथ के कोहनी एवं दाहिने कमर भाग, दाहिने कंधा एवं भतीजा रूद्र यादव के दाहिने पैर के जंघा में चोंटे आई है।

# प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद शनिवार को बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने रायपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में राज्यसभा सदस्य व निवृत्तमान पगदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने संगीता सिन्हा को पद्भार ग्रहण कराया।

इस पद्भार ग्रहण के दौरान कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, टी.एस. सिंहदेव, शिव डहरिया के साथ अन्य दिग्गज नेता उपस्थित थे। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि भाजपा का महिलाओं के प्रति दोहरा चरित्र भाजपा के गठन से ही स्पष्ट प्रमाणित है, क्योंकि भाजपा ने आन तक किसी भी महिला को अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया, वहीं नारी सम्मान के लिए कांग्रेस का एक स्वर्णिम इतिहास है, पांच महिलाओं को कांग्रेस पाटएँ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर उनके नेतृत्व में पार्टी अग्रसर हुई है। संगीता सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर नौटंकी कर रही है, भाजपाइयों को इस बात पर आत्म चिंतन करना चाहिए कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम पारित होकर संविधान के अनुच्छेद 334(ए) में शामिल हो गया था, तो ऐसी कौन सी स्थिति थी कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में इसे लागू नहीं की और वर्तमान समय में महिला आरक्षण विधेयक को वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करना चाहती है। जिससे ओबीसी वर्ग की भागीदारी समाप्त हो जाएगी, क्योंकि वर्ष 2011 की जनगणना में ओबीसी की संख्या ही नहीं है। संगीता सिन्हा ने कहा कि छतीसगढ़ में भाजपा की सरकार मे सरकारी आश्रम, छात्रवास में नाबालिक बच्चियां गर्भवती हो रही है, जब पीड़िता थाने जाती हैं तो एफआईआर न करके आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाए पीड़ितों को ही प्रताड़ित किया जाता है, उन्हें डराया, धमकाया जाता है। जिसका साक्षात उदाहरण बंबिकापुर में वैवाहिक समारोह से वापस लौट रही युवतियों के साथ हुए गैंग रेप है, जिसमें एफआरआई में देर, मेडिकल में देर, सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। प्रदेश मे कानून का भय समाप्त और हो गया है। अपराधी बेखौफ, बेलगाम होकर घूम रहे है। साय सरकार महिलाओं एवं बेटियों की रक्षा करने में असफल है तभी बीते दो वर्ष में 2024 में 11,928 एवं 2025 में 12,888 महिलायें, 2024 में 6,935 एवं 2025 में 7,959 बेटियां लापता है। राजधानी में 2,100 से अधिक महिलायें एवं बेटियां लापता है, 2026 में 31 जनवरी तक 383 बेटियां गायब हो चुकी है। भाजपा सरकार बनने के बाद से प्रदेश से जंगलराज है, मानव तस्करी, अपहरण की घटनायें तेजी से बढ़ी है। महिलाओं एवं बेटियों के साथ हिंसक घटनायें, रेप, गैंगरेप, खेड़छाड़, लूट की घटनायें बढ़ी है, प्रदेश के प्रमुख जिले जहां महिलाओं से संबंधित अपराध अधिक है उसमें राजनादगांव जिला के साथ रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग शामिल है। संगीता सिन्हा ने कहा 15 अगस्त 2024 से आयुष्मान कार्ड में सिजेरियन डिलीवरी को समाप्त कर भाजपा की सरकार मातृत्व पर भी चोट पहुंचाने का काम की है। संगीता सिन्हा ने कहा कि महतारी वंदन योजना के नाम पर बार–बार महिलाओं को केवाईसी के नाम से परेशान करना और आज भी अनेकों पात्र महिलाएं हैं जिन्हें महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन जिला राजनादगांव के नगर पंचायत घुमका के महिला प्रशिक्षण भवन में शराब दुकान खोलकर महिलाओं की कौशल क्षमता और आर्थिक सुदृढीकरण में भाजपा की सरकार बाधक बनी है।

## पैरी में आज से पुरुषोत्तम मास महात्म्य एवं श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पैरी में 17 मई से पुरुषोत्तम मास महात्म्य एवं श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया जा रहा है। यह आयोजन 17 मई से 15 जून तक एक माह चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 17 मई रविवार को सुबह 7 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा से होगी। कलश यात्रा के बाद प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से शाम 5 बजे तक 13 घंटे अखंड संकीर्तन होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**खिलाड़ियों को मिलेगा पौष्टिक आहार और प्रमाण पत्र**

# कल से शुरू होगा भव्य समर कोचिंग कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- कई खेल विधाओं में दिया जाएगा प्रशिक्षण

लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में इस्पात नगरी की खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग अंतर्गत क्रीड़ा एवं मनोरंजन समूह, दल्ली राजहरा द्वारा 18 मई से 08 जून 2026 तक भव्य समर कोचिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के बच्चों और उभरते खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

समर कोचिंग कैम्प में क्रिकेट, फुटबाल, वॉलीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स ट्रैक एंड फील्ड, वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, तीरंदाजी, बॉक्सिंग, शतरंज तथा जुडो-कराटे सहित अनेक खेल विधाओं का प्रशिक्षण कराया जाएगा। कैम्प में राजहरा क्षेत्र, आसपास के गांवों एवं विभिन्न स्कूलों के 10 वर्ष से अधिक और 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का पंजीयन कर उन्हें खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में प्रतिदिन अभ्यास के बाद खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार के रूप में चना और गुड़ भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जिससे बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

क्रीड़ा एवं मनोरंजन समूह द्वारा क्षेत्र के खिलाड़ी बच्चों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है। यह समर कोचिंग कैम्प न केवल बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनेगा, बल्कि अनुशासन, स्वास्थ्य और आत्मबल को भी मजबूत करेगा।

निःशुल्क पंजीयन हेतु संबंधित खेल प्रशिक्षकों से संपर्क करने की व्यवस्था की गई है। फुटबाल के लिए लक्ष्मीकांत राउतेल, एथलेटिक्स हेतु तारासिंह एवं हंसकुमार, पावर लिफ्टिंग के लिए कृष्णामूर्ति, वेट लिफ्टिंग हेतु अनिता शिंदे, जुडो-कराटे के लिए खुर्शीद आलम नार्वी, बॉक्सिंग हेतु टामिन साहू, वॉलीबाल के लिए वी.के. पटले, क्रिकेट हेतु एस.पी. सिंह, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस के लिए एस.के. व्यास तथा शतरंज हेतु आर.के. पाण्डेय से संपर्क किया जा सकता है।दल्लीराजहरा में आयोजित यह समर कोचिंग कैम्प खेल प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर माना जा रहा है, जहां बच्चों को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा निखारने और भविष्य के बड़े मंच तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411